
GOVT. NARMADA COLLEGE
HOSHANAGBAD
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
(हिन्दी विभाग)
सेमिनार
दिनांक 29,30 व 31 दिसम्बर, 2025 ई.
हिन्दी साहित्य का ऐतिहासिक
परिप्रेक्ष्य
ारतीय ज्ञान परंपरा


भूगोल विभाग

**नर्मदा कॉलेज में साहित्य और भारतीय ज्ञान परंपरा पर सेमिनार,,,,,**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा "हिंदी साहित्य का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर त्रिदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध और अनुसंधान के प्रति रुचि जागृत करना रहा ।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ विभागाध्यक्ष डॉ के जी मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया की नई शिक्षा नीति 2020 में शोध को महत्व दिया जा रहा है क्योंकि यह शिक्षा को ज्ञान केंद्रित , साक्ष्य आधारित और विद्यार्थियों में महत्वपूर्ण सोच विकसित करने में मदद करती है। उन्होंने शोध पत्र लेखन की बिंदुवार जानकारी दी। जिसमें विषय, समय, उत्कृष्टता ,नियमित उपस्थिति, डाटा संधारण के साथ अथक मेहनत को अनिवार्य बताया।स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए ऐसे सेमिनार आवश्यक हैं जिससे शिक्षा वैश्विक मानकों के अनुरूप बनें ,नवाचारों, अनुसंधान प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले और विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान और शोध की परंपरा स्थापित की जा सके। मुख्य अतिथि डॉ कल्पना विश्वास ने शोध पत्र क्या होता है? विषय चयन, लेखन सामग्री और अपने शोध के लिए विभिन्न स्थानों से व्यावहारिक और सैद्धांतिक सामग्री कैसे एकत्र की जाती है पेपर प्रस्तुतीकरण और विषय को भारतीय ज्ञान परंपरा से संबद्ध करने पर अपना वक्तव्य केन्द्रित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ जे के कमलपुरिया ने शोध में प्रायोगिक सर्वेक्षण ,डाटा संधारण प्रविधि पर मार्गदर्शन दिया। शोध पत्र और पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के इतिहास को भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में वेद, पुराण, उपनिषद, अध्यात्म ,आयुर्वेद, दर्शन, ज्योतिष, संस्कृत साहित्य आदि के मूल्यों से जोड़ते हुए विषय का निर्वहन किया। अपभ्रंश से हिंदी खड़ी बोली तक आदिकाल से आधुनिक काल तथा आशु कवियों से कबीर, तुलसी और मीरा, रसखान ,विद्यापति ,भूषण, बिहारी, भारतेंदु, द्विवेदी शुक्ल, प्रसाद, पंत, निराला, महादेवी वर्मा आदि साहित्यकारों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। सेमिनार में तकनीकी सहयोग और पंजीयन डॉ धर्मेंद्र कोरी ,डॉ सुभाष जाटव, डॉ मनीष कटारे का रहा। संचालन और आभार डॉ संतोष अहिरवार का तथा प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण डॉ अंजना यादव का रहा। हेमलता, दीपक, अजय कुमार, योगेश हरियाले, प्रियंका, श्रेया शर्मा ,राधिका अहिरवार, संजय, सोनम गौर ज्योति मेहरा, सोनिया राठौर, सुलेखा भलावी, तनीषा, दिव्यांशी, प्रियंका, काजल, हरिओम, महक, डाली साहू, ज्योति मेहरा ,सोनाली, उज्जवल चौरे आदि विद्यार्थियों ने अपने पेपर प्रस्तुत किये।



शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर
GOVT. NARMADA COLLEGE
HOSHANGABAD
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
(हिन्दी विभाग)
सेमिनार
दिनांक 29,30 व 31 दिसम्बर, 2025 ई.
हिन्दी साहित्य का ऐतिहासिक
भारतीय


Social
ज्ञान प्रकोष्ठ
RAJA RAM MOHAN ROY


भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ


भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ
होशंगशाह का किला




प्रकोष्ठ


हमारी संस्कृति
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
GOVT NARMADA COLLEGE
HOSHANGABAD
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
(हिन्दी विभाग)
सेमिनार
दिनांक 29,30 व 31 दिसम्बर, 2025 ई.
हिन्दी साहित्य का ऐतिहासिक